# पी. जी. डी. ए. वी. कॉलेज (सांध्य)

**(दिल्ली विश्वविद्यालय)**

## पुस्तकालय की वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024

**पवन कुमार मैठानी**
पुस्तकालय प्रभारी

शिक्षा संस्थान में पुस्तकालय रीढ़ की हड्डी के समान कार्य करता है, और पुस्तकालय के बिना किसी शैक्षणिक परिवेश की पूर्णता की कल्पना करना संभव नहीं है। वस्तुतः पुस्तकालय कल्पवृक्ष की तरह होता है जिसके प्रभाव क्षेत्र के अधीन होकर ज्ञान का साधन मनोनुकूल फल प्राप्त करता है। अति प्राचीन सामग्री से लेकर एकदम आधुनिक शोधों/आविष्कारों के लिखित, अंकित एंव प्रकाशित दस्तावेजों को हम पुस्तकालय के माध्यम से बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं । शिक्षा संस्थान में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी सबके लिए पुस्तकों की जरूरत को पुस्तकालय ही पूरा करता है। निश्चित ही पुस्तकालय के सहयोग से ही विद्यार्थी शिक्षा के वास्तविक लक्ष्य को पूरा कर पाते है।



इस दृष्टि से हमारे कॉलेज का पुस्तकालय पूरी तरह सक्षम कहा जा सकता है। कॉलेज पुस्तकालय को स्वचालन **(Automation)** की दृष्टि से अधिक उपयोगी बनाने के उद्देश्य से पुस्तकालय में क्लाउड-बेस लाईब्रेरी सॉफ्टवेयर कोहा (**KOHA**) कार्य कर रहा है। **कोहा-सॉफ्टवेयर** के द्वारा विद्यार्थियों एवम् संकाय सदस्यों को घर बैठे **मोबाइल पर पुस्तकालय सेवा** उपलब्ध करवा रखी है। जिससे वे अपनी वांछित पुस्तक को आसानी से सर्च कर सकें।

**31 मार्च 2024** तक गणना के अनुसार पुस्तकालय से इस समय विभिन्न विषयों से संबधित **58,193** पुस्तकें हैं। **2023-24** के शैक्षणिक सत्र में कुल **2,48,235=00** (मूल्य) की **557** पुस्तकें खरीदी गई है। इस वर्ष पुस्तकालय मद में कुल Rs. **5,55000=00** के व्यय का अनुमान हैं। वाचनालय में संस्कृत हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं के **61** दैनिक, साप्ताहिक, मासिक पत्र-पत्रिकाएं एवम् जर्नल नियमित रूप से उपलब्ध रहते हैं।

पुस्तकालय के महत्व का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि **01 जुलाई. 2023** से लेकर **28 मार्च 2024** तक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा **91,958** बार पुस्तकें पढ़ने के लिए निकलवाई गई।

कॉलेज में पुस्तकालय संबंधी सेवाएं **दोपहर 1:30 से रात्रि 8:30 बजे** तक उपलब्ध रहती है। परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये विद्याार्थियों को अध्ययन की अतिरिक्त सुविधा देने के उद्देश्य से परीक्षाओं से एक माह पूर्व से पुस्तकालय सेवाओं को प्रातः **9:00** बजे से उपलब्ध करवायी जाती है। पुस्तकालय जब प्रातः **9:00** बजे से खुलता है तब विद्यार्थियों को विशेष सुविधा के तहत् जो विद्यार्थी किसी कारणवश प्रातः नाश्ता करके नहीं आ पाते हैं, उन्हें कॉलेज द्वारा **कॉलेज परिसर स्थित कैन्टीन से निःशुल्क नाश्ता/भोजन करने कि सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है।**

पुस्तकालय सेवाओं का अधिक-से-अधिक लाभ देने के उद्देश्य से पुस्तकालय द्वारा सत्र **2023-2024** में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए दिनांक **01/02/2024, 02/02/2024 व 05/02/2024 को दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे** तक कोर्स के अनुसार पुस्तकालय में ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर लाईब्रेरी **ओरियंटेशन कार्यक्रम का लाभ उठाया ।** ओरियंटेशन के दौरान पुस्तकालय प्रभारी **श्री पवन कुमार मैठानी** द्वारा विद्यार्थियों को निम्नलिखित विषयों की जानकारी दी गयीः-



1. **How to use the Library through OPAC**
2. **How to search books through OPAC (Library Software KOHA)**
3. **How to access E-Journals**
4. **How to access E-Books**



कॉलेज **प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों** को ई-सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ देने के उद्देश्य से पुस्तकालय द्वारा **N-LIST,** दिल्ली यूनिवर्सिटी लाईब्रेरी सिस्टम द्वारा उपलब्ध **Remote Access** की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवायी गयी ।

कॉलेज के संकाय सदस्यों को उनके शोध पत्रों की गुणवत्ता (Plagiarism) जाँच हेतु कॉलेज पुस्तकालय में दिल्ली यूनिवर्सिटी लाईब्रेरी सिस्टम द्वारा प्राप्त **ड्रिलबिट प्लेज्यॅरिज्म सॉफ्टवेयर (DRILLBIT Plagiarism Software**) की विशेष सुविधा निरन्तर दी जा रही है।

**पुस्तक प्रदर्शनी** :-

सत्र 2023-2024 में कॉलेज में आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण आयोजनों के अवसर पर पुस्तकालय द्वारा निम्नलिखित पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गयी:-

(i) 14 अगस्त 2023 को कॉलेज में आयोजित अखण्ड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर कॉलेज पुस्तकालय में भारत विभाजन से संबधित उपलब्ध पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी गया।



(ii) 30 अक्टूबर 2023 को **G-20** के अवसर पर आयोजित **भारत-जर्मनी सम्बन्ध :वर्तमान परिदृश्य** और भावी दिशा विशेषक आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कॉलेज पुस्तकालय में उपलब्ध जर्मन भाषा और साहित्य से संबधित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी गयी।



(iii) 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठान उत्सव के अवसर पर पुस्तकालय में पुस्तक रूपी धरोहर में संरक्षित श्री राम साहित्य के रूप में पुस्तक प्रदर्शनी लगायी गयी।



(iv) 15 फरवरी 2024 को कॉलेज में **HSE University, St. Petersburg, Russia** के एक शैक्षिणिक दल के भ्रमण के अवसर पर कॉलेज पुस्तकालय में रशियन भाषा और साहित्य पर उपलब्ध पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी गई।




**2**. **दिव्यांग विद्यार्थियों** को उनके अध्ययन में सहयोग देने के उद्देश्य से कॉलेज ने सात **Daisy Player (Evo E11**) कुल मूल्य Rs.**94,500=00** के खरीद कर दिव्यांग छात्रों को नि:शुल्क वितरित किये। वर्तमान सत्र में कॉलेज के पांच दिव्यांग छात्र/छात्रायें इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।



## 3. कार्यशाला का आयोजन:-

पुस्तकालय द्वारा अपने संकाय सदस्यों के लिए ई. संसाधनों **(E-Resource)** का अधिक-से-अधिक उपयोग को लेकर **15 जून-2023** को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय **"HOW TO USE E-RESOURCE OF DELHI UNIVERSITY THROUGH REMOTE ACCESS"** था। जिसमें मुख्य वक्ता सुश्री भावना गोस्वामी-Head **Operations, Refread Solutions Pvt. Ltd.** थी।




## 3. पुस्तक निधि :-

कॉलेज में पुस्तकालय निधि की स्थापना सन् 1975 ई. है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा Rs.15000 की सहायता राशि के साथ की गई थी। इस समय इस निधि में 1333 पुस्तकें हैं। इस निधि से पूरे साल कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिये पुस्तकें प्रदान की जाती है।

## 4. विद्यार्थी सहायता कोष:-

इस कोष की स्थापना **सन् 1958 ई. की गई थी जिसका मूल उद्देश्य निर्धन-विद्यार्थियों** को पूरे वर्ष के लिए पुस्तकें प्रदान करना है। इस समय इस कोष में **4538** पुस्तकें हैं। इस वर्ष पुस्तक निधि कोष से 39 विद्यार्थियों को 319 पुस्तकें प्रदान की गयी विद्यार्थी सदस्यता कोष में 2023-2024 के शैक्षणिक सम में कुल **Rs.23,684** की **52** पुस्तकें खरीदी गयी।

## 5. उपहार-स्वरूप प्राप्त पुस्तक बैंक :-

पुस्तकालय में कॉलेज संकाय सदस्यों एवम् विद्यार्थियों से उपहार-स्वरूप प्राप्त नि:शुल्क पुस्तकों का **उपहार-स्वरूप प्राप्त पुस्तक बैंक** स्थापित किया हुआ है। वर्तमान समय में इस **पुस्तक बैंक** में **911** पुस्तक उपलब्ध हैं।

## 6. साउंड प्रूफ कक्ष :-

शिक्षा के बढ़ते आयाम व ऑनलाइन कक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए मार्च, **2022** में कॉलेज पुस्तकालय में एक साउंड प्रूफ कक्ष बनाया गया, जिसमें कॉलेज संकाय सदस्यों एवं विद्यार्शियों को बेबिनार व रिकोर्डिग करने में आसानी होती हैं।

**7. अभिलेखागार :-** कॉलेज पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय अभिलेखागार (Archive) संचालित किया जता है। जिसमें कॉलेज स्थापना वर्ष 1958 से लेकर अब तक के सारे रिकॉर्ड /सूचनाएं /फोटोग्रफ्स/सी.डी. उपलब्ध हैं।

